mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-338 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

09 दिसंबर 2024 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



मौकों को नहीं

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर होंगे राहुल नार्वेकर

- विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली, सीएम फडणवीस से मिलकर डिप्टी स्पीकर का पद मांगा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार



करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी-शरद नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। हालांकि इनमें अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। इधर, राहुल नार्वेकर आज पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

### महाराष्ट्र में 103 किसानों को वक्फ बोर्ड ने थमाया नोटिस

- 300 एकड़ जमीन पर किया दावा, किसान बोले-वक्फ हमारे पुश्तैनी खेत हड़पना चाहता है

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में किसानों ने शनिवार को आरोप लगाया है कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, करीब 300 एकड़ जमीन पर दावे का मामला महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रहा है। इस संबंध में



बोर्ड ने लातूर के 103 किसानों को नोटिस भेजा है। मामले में दो सुनवाई हो चुकी हैं। अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है। इस पर किसानों ने दावा किया है कि यह वक्फ की संपत्ति नहीं है, उनकी पुश्तैनी जमीन है। वे पीढ़ियों से इस पर खेती करते आ रहे हैं। किसानों ने महाराष्ट्र सरकार से न्याय दिलाने की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष समीर काजी ने इससे इनकार किया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि बोर्ड की तरफ से किसी को नोटिस नहीं भेजा गया है। किसी जमीन पर दावा भी नहीं किया गया है। एक व्यक्ति ने ट्रिब्यूनल में अपील की है, सिर्फ उसे नोटिस भेजा गया है।

## कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में कराटे यूनिफॉर्म में दिखे राहुल गांधी

- जयपुर में सीखा सेल्फ डिफेंस, राजस्थान के नेताओं को एंट्री नहीं

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार सुबह 1 दिन के दौरे पर रविवार सुबह करीब 7 बजे जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी खेड़ापति बालाजी (सामोद) में कांग्रेस के 'नेतृत्व संगम' ट्रेनिंग कैंप में शामिल हो रहे हैं। आठ दिन से चल रहे ट्रेनिंग कैंप के सुबह के सेशन में राहुल गांधी ने सेल्फ डिफेंस की भी ट्रेनिंग ली। वे ट्रेनिंग कैंपस में कराटे यूनिफॉर्म में नजर आए। इससे पहले रविवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट पर उनका पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष (पीसीसी चीफ) गोविंद सिंह, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने स्वागत किया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने राहुल गांधी को सूत की माला पहनाई। पीसीसी चीफ ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे ट्रेनिंग में पहुंचेंगे और दोपहर 3 बजे वापस एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था। माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए थे। इस ट्रेनिंग कैंप में देशभर के चुनिंदा कांग्रेस नेता शामिल हो रहे हैं। राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को ट्रेनिंग कैंप में जाने की अनुमति नहीं है।



जोधपुर में गृह मंत्री के सामने जवानों ने दिखाए एक से बढ़कर एक करतब, शाह बोले

# बॉर्डर की चिंता हमें नहीं हमारे जवान निपट लेंगे

**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' के नाम से जानी जाती है। यही वजह कि सीमा से जब किसी अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता

- **शाह ने कहा-140 करोड़ भारतीयों के दिलों में है अजेय भारत का विश्वास**

है कि हमारे बीएसएफ के जवान हैं, निपट लेंगे। अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवानों को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए। उनके सामने जवानों, श्वान टीम ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इससे पहले गृह मंत्री को सुबह ठीक 11 बजे बीएसएफ की जीप में एसटीसी स्थित परेड ग्राउंड के मुख्य मंच तक लाया गया।

उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड से पहले बीएसएफ विंग के स्वदेशी हेलीकॉप्टर



ध्रुव ने आसमान से सुरक्षा का जायजा लिया। उधर, कार्यक्रम पूरा होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह सर्किट हाउस जोधपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे। गृहमंत्री ने इस दौरान बीएसएफ की जमकर तारीफ की।

### लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली होगी कारगर

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- आने वाले समय में ड्रोन की समस्या और गहराने वाली है। ऐसे में देश के सभी सीमा सुरक्षा बल, रक्षा विभाग, सीआरपीएफ और सारे सुरक्षा विभाग ने मिलकर एक लेजर युक्त गन माउंट एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित की है। अभी यह प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहद अच्छे आए हैं। इससे पंजाब बॉर्डर पर 55 हमलों को रोका गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- तीन हजार गांवों में प्रायोगिक रूप से वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया है।

## बांग्लादेश ने लगातार दूसरा अंडर-19 एशिया कप जीता

- भारत को 59 रन से फाइनल हराया, इमोन-हकीम को 3-3 विकेट; रिजाज ने 47 रन बनाए



**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने लगातार दूसरी बार मेंस अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में भारत को 59 रन से हराया। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 198 रन बनाए, जवाब में टीम इंडिया 139 रन ही बना सकी। बांग्लादेश ने पिछले साल यूएई को फाइनल हराया था। बांग्लादेश से इकबाल हुसैन इमोन और कप्तान अजिजुल हकीम ने 3-3 विकेट लिए। अल फहाद को 2 विकेट मिले।

## ममता बनर्जी को अब मिल गया शरद पवार का साथ

मराठा क्षत्रप बोले-वह एक काबिल नेता हैं, उन्हें इच्छा जाहिर करने का अधिकार है

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के प्रमुख शरद पवार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने इंडिया ब्लॉक की कमान संभालने की इच्छा जताई है। शनिवार को कोल्हापुर में पत्रकारों से बात करते हुए शरद पवार ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एक सक्षम नेता हैं और उन्हें विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा दिखाने का अधिकार है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे को चलाने की दोहरी जिम्मेदारी संभाल सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार यह बयान ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग क्षेत्रीय दलों के असंतोष और हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस को हाल ही में मिले चुनावी झटकों के कारण इंडिया गठबंधन के भीतर 'तनाव' बना हुआ है। ममता बनर्जी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, वह देश की एक सक्षम नेता हैं और उन्हें यह कहने का अधिकार है। उन्होंने संसद में जो सांसद भेजे हैं, वे मेहनती और जागरुक हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत दिया।



## किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च फिर टाला

हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, पानी की बौछारें मार खदेड़ा, 8 किसान घायल

**पटियाला (एजेंसी)।** पंजाब के 101 किसान रविवार (8 दिसंबर) को दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुल पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। शुरुआत में पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। इस दौरान हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7-8 किसान घायल घायल हुए। इसके साथ किसानों पर पानी की बौछार भी की गई। हालांकि इस बीच हरियाणा पुलिस ने किसानों पर फूल भी बरसाए। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। किसान केंद्र सरकार से फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून समेत 13 मांगें कर रहे हैं। इससे पहले 6 दिसंबर को भी किसानों ने दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, लेकिन हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें 8 किसान घायल हो गए। इसके बाद पंधेर ने किसानों को वापस बुला लिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमने 101 किसानों की लिस्ट जारी की है। उधर, हरियाणा पुलिस का कहना है कि हम पहले किसानों की पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की लिस्ट है।





## सीरियाई राष्ट्रपति देश छोड़कर भागे, मौत की आशंका

सेना बोली-उनकी सत्ता खत्म, विद्रोहियों ने जमाया कब्जा

**दमिश्क (एजेंसी)।** सीरिया में विद्रोही बलों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया और 50 साल से चल रहे असद परिवार के शासन को खत्म कर दिया। सीरिया में तानाशाही युग समाप्त होने के बाद लोग सड़क पर उतरकर जश्न मना रहे हैं। इस बीच ऐसी रिपोर्ट आई है कि राष्ट्रपति बशर अल असद की देश छोड़कर भागने के दौरान मौत हो गई है। अपुष्ट खबरे हैं कि सीरियाई तानाशाह का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है या विद्रोहियों ने उनके विमान को मार गिराया। सीरियाई तानाशाह का विमान रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया है। हयात तहरीर अल शाम ने सीरियाई तानाशाह बशर के खिलाफ युद्ध की शुरुआत 13 साल पहले शुरू किया था। इतने लंबे वक्त से चल रहे संघर्ष के बाद विद्रोही गुटों को सफलता मिल गई है। सीरियाई सेना और प्रधान मंत्री ने विद्रोहियों को नियंत्रण सौंपने के लिए बयान जारी किए है, लेकिन राष्ट्रपति बशर का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सरकार विरोधी ताकतें सैन्य अधिकारियों और खुफिया अधिकारियों से पूछताछ कर रही हैं, जिनके पास उनके ठिकाने के बारे में जानकारी हो सकती है। बशर के लापता होने के कारण अटकलें लगाई जा रही हैं कि उनकी मौत हो गई है। ये भी दावे किए जा रहे हैं कि विद्रोही गुटों ने उनके विमान को मार गिराया। सोशल मीडिया पर चर्चा हैं कि उनके विमान को उस समय मार गिराया गया जब वह देश से भागने का प्रयास कर रहे थे। ओपन सोर्स फ्लाइट ट्रैकर्स ने खुलासा किया कि दमिश्क से रवाना होने वाला अंतिम विमान इल्युशिन-76 था। ऐसा माना जा रहा है कि उसमें बशर सवार थे। उनका विमान रडार से गायब हो गया है। ओपन सोर्स फ्लाइट ट्रेकर्स के मुताबिक, विमान ने दमिश्क के हवाई अड्डे पर विद्रोही लड़ाकों के कब्जे से कुछ समय पहले उड़ान भरी थी। डेटा के अनुसार, विमान ने उत्तर की ओर मुड़ने से पहले पूर्व की ओर उड़ान भरी।





## राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत

- पिकनिक के लिए जा रहे थे, 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल

**पाली (एजेंसी)।** राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर घायल हैं। बस में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें 62 बच्चे, 6 टीचर और एक ड्राइवर था। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10.30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। हेडमास्टर और 15 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। एक गंभीर घायल बच्चे को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया। जहां से उसे परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। वहीं, 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी।





## कूल-कूल मौसम, ठंड के साए में कश्मीर घाटी

- जोजिला में पारा 18 ए तक पहुंचा, कंपकंपा रहे लोग
- गंगा-सिंधु बेसिन में स्नोकवर 6 साल में सबसे कम

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के जोजिला में शनिवार रात तापमान -18 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार रात को पारा -25 डिग्री और सोमवार रात को -29 डिग्री तक गिर सकता है। वहीं, श्रीनगर का तापमान पिछली रात -0.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, दिसंबर का पहला हफ्ता खत्म होने के बाद भी उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सर्दी की चुभन महसूस नहीं हो रही है। ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 25 से 31 डिग्री के बीच है, जबकि इस समय तक इन इलाकों का तापमान 22 से 28 डिग्री के बीच रहता है। ऐसा गंगा और सिंधु नदी बेसिन में बर्फ का स्तर (स्नोकवर) कम होने की वजह से हो रहा है। इन इलाकों में स्नोकवर बीते छह सालों के सबसे निचले स्तर पर है। गंगा नदी बेसिन में तो यह पिछले साल की तुलना में 40 फीसदी तक कम है। वहीं, सिंधु नदी बेसिन में 10 से 20 फीसदी तक कम है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, सर्दी के मौसम में भी बर्फ का स्तर घटता-बढ़ता रहता है, क्योंकि अमूमन हफ्ते में एक-दो बार बर्फबारी होती है। इस बार मानसून खत्म होने के बाद आए सभी पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) कमजोर थे। इसके चलते बर्फबारी कम हुई और स्नोकवर जितना बढ़ना चाहिए था, वह नहीं बढ़ा। हिमालय से आने वाली उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से ही उत्तर से मध्य भारत के मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। सीजन में जितने ज्यादा सक्रिय और लंबे पश्चिमी विक्षोभ आते हैं, सर्दी उतनी ज्यादा पड़ती है। इस बार उत्तर से मध्य भारत तक सभी राज्यों में औसत तापमान सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। पिछली सर्दी में दिसंबर से फरवरी तक अल-नीनो परिस्थितियां थीं। उसके बावजूद हिमालय पर सामान्य से ज्यादा स्नोकवर के कारण ही ज्यादा सर्दी पड़ी थी। स्काईमेट के साइंटिस्ट महेश पलावत ने बताया कि आईएमडी समेत कई मौसमी मॉडल्स ने संकेत दिए हैं कि दिसंबर में तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है। इसका मतलब है कि पश्चिमी विक्षोभ कम आएंगे और कम ही सक्रिय रहेंगे।



## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने दी विद्युत कार्मिकों को बधाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र ने फिर एक नया इतिहास रच दिया है। 6 दिसंबर को मध्यप्रदेश में किसी एक दिन सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति कर बिजली कंपनियों ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने प्रदेश के ऊर्जा विभाग के सभी कार्मिकों की सराहना करते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि 6 दिसंबर को प्रदेश में बिना किसी व्यवधान के 3360 लाख यूनिट बिजली आपूर्ति की गई ,जो किसी भी एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति करने का प्रदेश में रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को ही प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 18077 मेगावाट विद्युत डिमांड को पूरा करने में सफलता प्राप्त की थी। र्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि 6 दिसंबर को पश्चिम क्षेत्र में 1259 लाख यूनिट, पूर्व क्षेत्र में 929 लाख यूनिट तथा मध्य क्षेत्र में 1070 लाख यूनिट तथा अन्य क्षेत्र में 102 लाख यूनिट विद्युत आपूर्ति की गई।

## पूर्व सांसद की मां सरला सिंह का निधन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल की पूर्व सांसद और बीजेपी नेत्री साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की मां सरला सिंह का आज (रविवार) सुबह करीब 9ः30 बजे निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। भोपाल में ही उनका इलाज चल रहा था। प्रज्ञा के करीबियों ने बताया कि पूर्व सांसद की मां सरला सिंह का अंतिम संस्कार कल सोमवार को भदभदा विश्राम घाट पर किया जाएगा। सुबह 10 बजे भोपाल के 74 बंगला स्थित आवास बी-29 से उनकी अंतिम यात्रा भदभदा विश्राम घाट के लिए निकलेगी। प्रज्ञा ठाकुर का परिवार मूल रूप से भिंड जिले के लहार का रहने वाला है। प्रज्ञा के पिता चंद्रपाल सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लंबे समय तक जुड़े रहे। पिता के संघ में होने के चलते प्रज्ञा भी आरएसएस से जुड़ गई। प्रज्ञा के पिता का करीब 12 साल पहले निधन हो गया था। उनकी मां कुछ समय से भोपाल में ही उनके साथ रहने लगी थी। प्रज्ञा ठाकुर चार बहनें और एक भाई हैं, जिसमें बहनें उपमा, उत्तमा और प्रतिभा व भाई का नाम पुष्य मित्र हैं।

## अतिथि शिक्षकों ने मंत्री, विधायकों को दिए ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल में रविवार को अतिथि शिक्षकों के एक दल ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री और विधायकों को ज्ञापन सौंपे। इस दौरान आजाद अतिथि शिक्षक संघ से सुमित पाठक ने मंत्री विश्वास सारंग के अलावा कृष्णा गौर, रामेश्वर शर्मा और भगवान दास सबनानी को ज्ञापन दिए। इसमें उन्होंने कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित (पद स्थायित्व) कराने जैसी मांग की। अतिथि शिक्षकों के इस दल में अशोक भार्गव और लोकेश और उत्कृष्ट सिंगरौली शामिल रहे। सुमित पाठक ने बताया कि मध्यप्रदेश के शासकीय स्कूलों में अल्प मानदेय पर अतिथि शिक्षक 15-16 सालों से ईमानदारी के साथ सेवा देते आ रहे हैं। मगर आज तक भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की वर्ग वार, विषयवार विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाने का प्रस्ताव पारित किया जाए। जब तक विभागीय परीक्षा नहीं होती। तब तक 12 महीने का सेवाकाल एवं 65 साल की उम्र तक पद स्थायित्व करने, उक्त पद को रिक्त न मानने का प्रस्ताव पारित किया जाए। 2 सितंबर 2020 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में हुई समस्त घोषणाओं के आदेश तत्काल जारी करने का प्रस्ताव पारित किया जाए। साल 2011 से लेकर वर्तमान तक हुई समस्त शिक्षक पात्रता परीक्षाओं में से किसी भी एक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अतिथि शिक्षकों को कार्यानुभव और वरिष्ठता का लाभ देते हुए सीधे नियमित शिक्षक बनाए जाने का प्रस्ताव पारित हो। जो अतिथि शिक्षक वर्तमान में सीधी भर्ती, स्थानांतरण, उच्चपद प्रभार, अतिशेष शिक्षक इत्यादि कारणों से बाहर हैं, उन्हें रिक्त पदों पर पहली प्राथमिकता के साथ संकुल/ब्लॉक/जिला/अन्य जिले में समायोजित किया जाए।

## भोपाल में एनसीसी का पैरासैलिंग कैंप शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के दशहरा ग्राउंड में रविवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए पैरासैलिंग गतिविधि कैंप का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 70 कैडेट्स ने पैरासैलिंग की। यह आयोजन 16 दिसंबर तक चलने वाला है। इसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 500 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। 9 दिन तक चलने वाले इस कैंप का आयोजन एनसीसी ग्रुप मुख्यालय भोपाल द्वारा किया जा रहा है। इसका नेतृत्व मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने, एडीजी, एमपी और सीजी डीटीई कर रहे हैं। इस कैंप में रोजाना 60 से 70 कैडेट्स पैरासैलिंग करेंगे। इस दौरान वे पैरासैलिंग के गुर भी सीखेंगे। इस आयोजन की नोडल एजेंसी लियो एडवेंचर है। एजेंसी की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कैडेट्स को प्रैक्टिस और मार्गदर्शन देने के लिए एक्सपर्ट्स भी बुलाए गए हैं, जिनकी देखरेख में यह आयोजन हो रहा है।

# प्रदेश के मिलर्स की हड़ताल समाप्त, धान उपार्जन में होंगें शामिल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के राईस मिलर्स को बकाया अपग्रेडेशन राशि का जल्द निराकरण कर कैबिनेट से पारित कराने के आवश्वसन के बाद म.प्र. चावल महासंघ द्वारा जारी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश के सभी मिलर्स रविवार से पोर्टल पर अपना पंजीयन कर धान उपार्जन में शामिल हो जायेगें। शनिवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के निवास पर म.प्र. चावल महासंघ के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों ने यह निर्णय लिया है। बैठक में प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह श्री राजपूत, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक श्री पी.एन यादव, म.प्र. चावल उद्योग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री आशीष अग्रवाल, सर्वश्री जितेन्द्र मोनू भगत, राकेश भटेरे, सोहन शर्मा, नीतेश गुप्ता, मो. जकारिया खान, कैलाश छदवानी, समीर सचदेवा, विनीत शुक्ला, शंशाक शुक्ला एवं अन्य पदाधिकारी तथा खाद्य विभाग के अधिकारी



मौजूद रहे।

मिलर्स की हड़ताल को लेकर चिंतित प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलर्स की समस्याओं एवं अपग्रेडेशन राशि को लेकर चर्चा कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया। मुख्यंमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा के पश्चात खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, एवं मुख्यंमंत्री के अपर मुख्य सचिव से भी इस संबंध में चर्चा की तथा मुख्यंमत्री की मंशा से उन्हें अवगत कराते हुए अगली कैबिनेट मीटिंग में मिलर्स की अपग्रेडेशन राशि का प्रस्ताव रखे जाने के निर्देश दिये। खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिहं राजपूत के प्रयासों के बाद शाम को म.प्र. चावल उद्योग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री आशीष अग्रवाल ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और सभी मिलर्स से किसानों के हित में उपार्जन कार्य में जुट जाने का अनुरोध किया है। प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने मिलर्स द्वारा हड़ताल समाप्त करने की घोषणा के बाद कहा कि मिलर्स की कुछ समस्याओं एवं अपग्रेडेशन की बकाया राशि को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा की। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के उपरांत सरकार ने मिलर्स के लिए 233 करोड़ की राशि जारी कर दी गई। तथा मिलर्स की बकाया राशि भी जल्द जारी करने का आश्वासन खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने मिलर्स की समस्याओं को सहृदयता से त्वरित निराकरण करने पर मुख्यंमत्री डॉ. यादव का आभार जताया है। श्री राजपूत ने कहा कि मिलर्स जल्द ही उपार्जन कार्य में जुट जायेंगें।

## सुसाइड प्रिवेंशन पर आयोजित प्रशिक्षण में दी गई गेटकीपर्स की भूमिका की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत आत्महत्या रोकथाम के लिए गेटकीपर्स प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल कार्यालय द्वारा पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में किया गया। प्रशिक्षण में कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, एएनएम, आशा सुपरवाइजर को आत्महत्या रोकथाम के लिए गेटकीपर्स की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इससे संबंधित मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक,भावनात्मक पहलुओं के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण मानसिक रोगों और मनोविज्ञान विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. राजेश गौर ने कहा कि आत्महत्या की समस्या की चुनौती से निपटने के लिए गंभीरता से मिलजुल कर काम करना आवश्यक है। इसके लिए स्कूल स्तर से ही प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए यह ज़रूरी है कि पहले हम खुद शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। परिवार और समाज भी स्वस्थ रहें। स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता को सजग रह कर लोगों में आत्महत्या की प्रवृति की जाँच करते हुए उनको मानसिक और भावनात्मक सहायता प्रदान की जानी है।

प्रशिक्षण को पीपुल्स मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग प्रमुख डॉ वैभव दुबे, गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय के मानसिक रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ.जे.पी. अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सा मनोवैज्ञानिक और निर्देशक दिग्दर्शिका श्री सुमित राय, सह प्राध्यापक मानसिक रोग पीपुल्स मेडिकल कॉलेज डॉ विनोद कुमार साहू,नोडल अधिकारी ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. आर के बैरागी, चिकित्सा मनोवैज्ञानिक ज़िला चिकित्सालय भोपाल श्री राहुल शर्मा ने संबोधित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत आत्महत्या रोकथाम के लिए दो सत्रों में 500 से अधिक मैदानी स्वास्थ्य अमले को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## जागरूक करने दौड़ा भोपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता के लिए भोपाल में 'रन भोपाल रन 2024' का आयोजन रविवार सुबह टीटी नगर स्टेडियम से किया गया। 'रन भोपाल रन' की शुरू हुई,यह दौड़ 10 किलोमीटर की रही। जिसमें हजारों की संख्या में शहर वासियों ने भाग लिया। खास बात ये है कि इस जागरूकता दौड़ में शहर के सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन कैटेगरी में दौड़ हुई, जिसमें 21 किमी. 10 किमी व 5 किमी की दौड में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शहर की महापौर मालती राय और मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे। 10 किमी की दौड़ सुबह 5.30




बजे से शुरू हुई दौड़ टीटी नगर स्टेडियम से शुरू हुई, जो मेन गेट से जैन मंदिर होकर प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ, जवाहर चौक,भारत माता चौराहा, स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा, यू-टर्न लेकर स्मार्ट रोड, भारत माता चौराहा, जवाहर चैक, अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा होकर टीटी नगर स्टेडियम पर समाप्त हुई। बता दें कि इस आयोजन के लिए कुल रजिस्ट्रेशन करीब 11 हजार से अधिक हुए, जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने 21 किमी., 2500 से अधिक ने 10 किमी और करीब 7500 ने 5 किमी की कैटेगरी में भाग लिया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं गीता जयंती की तैयारियों के संबंध में प्रभारी मंत्री काश्यप ने की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री एवं भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान,जनकल्याण पर्व एवं भोपाल लाल परेड में गीता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बैठक में बताया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की शुरुआत 11 दिसम्बर से की जाएगी, जो 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के दिन संपन्न होगा। इस दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जनकल्याण पर्व भी मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने निर्देश दिए कि अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शिविरों का आयोजन किया जाए, जहां पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने भोपाल में गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियाँ समय सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाल परेड मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में 6000 बटुक एक साथ सस्वर गीता पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे ।इस हेतु सभी आवश्यक तैयारिया की जायें।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में उच्च शिक्षा में निरंतर हो रहे नए आयाम स्थापित- उच्च शिक्षा मंत्री परमार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के चित्रकूट स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नेक द्वारा ए ++ ग्रेड प्राप्त होने की महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित कर रही है।

राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारमूलक उच्च शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है ।उन्होंने कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं प्रगति के साथ, शैक्षणिक एवं अकादमिक स्तर पर उत्तरोत्तर गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा निर्धारित मानकों पर खरा उतरकर, सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करना प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नेक द्वारा प्रत्ययन से वंचित प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय भी राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के मानकों पर खरा उतरने के लिए प्रयास करें।

# निगम की गाड़ी ने हाथीखाना इलाके में छोड़े कुत्ते

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। भोपाल के हाथी खाना इलाके में नगर निगम की गाड़ी दूसरे इलाके से कुत्ते लाकर छोड़ रही है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गाड़ी से कुत्ते उतारने का एक सीसीटीवी सामने आया है। 7 मिनट के इस सीसीटीवी में ट्रक से 9 से अधिक कुत्तों को उतारा गया। इलाके के लोगों का कहना है कि यह गाड़ी लगातार ऐसा कर रही है। मना करने पर ये डराते-धमकाते हैं। अगर कोई वीडियो बना ले तो उसे डिलीट करा देते हैं। लगातार हमारे इलाके में निगम की गाड़ी डॉग को छोड़कर चली जाती है। भोईपुरा हाथी खाना से बुधवारा चौराहे तक 200 से 250 कुत्ते होंगे, इनकी इतनी अधिक संख्या यहां के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बाहर निकलने में डर लगता है। हम अपने बच्चों को बाहर नहीं निकलने देते हैं। हालत यह है कि यह डॉग हम लोगों के घरों में भी आ जाते हैं, गाड़ियों के पीछे लपकते हैं। कई बार हमने इसकी शिकायत की, मगर निगम कर्मी इनको रेस्क्यू करने की बजाय, यहां पर छोड़कर चले जाते हैं। एनिमल एक्टिविस्ट स्वाति गौरव ने बताया कि इस तरह से एक इलाकों से दूसरे इलाकों में डॉग्स को छोड़ना गलत है, क्योंकि इसमें वैक्सीनेट और नॉन वैक्सीनेट डॉग्स एक दूसरे के प्रति आक्रामक हो जाते हैं, इससे जहां एक तरफ इनको एक-दूसरे से खतरा होता है तो दूसरी तरफ इससे डॉग बाइट की आशंका भी बढ़ सकती है। इस तरह से रहवासी इलाकों में कुत्तों को छोड़ने से वे कॉलोनियों में अंदर घुस जाते हैं, इलाके में पहले से मौजूद डॉग और उनके बीच आक्रामकता भी दिखाई देती है, नतीजतन इंसानों में यह डॉग बाइट भी बढ़ सकती है। यह एबीसी रूल 2023 के नियमों का उल्लंघन है। उधर गोविंदपुरा में शनिवार सुबह 5 कुत्तों ने बाइक सवार प्रिंटिंग प्रेस व्यवसायी कृष्ण रंजन शर्मा पर हमला कर दिया। वे बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। शर्मा ने कुत्तों को भगाने के लिए पत्थर मारे तो रितु और नम्रता विश्वकर्मा ने उनसे मारपीट की। इन लड़कियों के पालतू कुत्तों ने शर्मा को कई जगह काटा। गोविंदपुरा पुलिस ने रितु और नम्रता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## कोचिंग टीचर ने की दो बहनों से ज्यादती

**भोपाल( सं. )।** भोपाल में एक कोचिंग टीचर बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देकर दो बहनों के साथ दुष्कर्म कर रहा था। इनमें से एक 14 साल और दूसरी 20 साल की है। वह एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर दोनों बहनों को अलग-अलग समय पर कोचिंग बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करता था।

# संभावना गतिविधि में बुंदेलखंड का चित्रण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जनजातीय संग्रहालय में नृत्य-गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 7 दिसम्बर को सुश्री रीना नरेंद्र पवार, बुरहानपुर द्वारा बंजारा लोकनृत्य, श्री अजय भाई लिधोरा, सागर द्वारा राई नृत्य एवं श्री सुदीप गुप्ता एवं साथी (कोलकाता) द्वारा कठपुतली प्रदर्शन किया गया। शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। कलाकारों का स्वागत निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे द्वारा किया गया। इसके बाद सुश्री रीना (बुरहानपुर) द्वारा बंजारा लोक नृत्य से की गई। यह नृत्य होली एवं सावन तीज पर किया जाता है, जिसमें थाली नृत्य और मटकी नृत्य भी शामिल होता है।

सागर के श्री लिधोरा द्वारा राई नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह नृत्य बुंदेलखंड के जनमानस के हर्ष और उल्लास की अभिव्यक्ति है। इस नृत्य में कलाकार फाग गाकर नृत्य करता है। राई के गीत ख्याल, स्वांग आदि और भी कई प्रकार के होते हैं। मृदंग की थाप पर घुंघरुओं की झंकार राई और उसके साथ नृत्यरत स्वांग मनोरंजन के साथ परम्परा को भी प्रदर्शित करते हैं। राई नृत्य के साथ यहां मुख्यतः सुप्रसिद्ध लोक कवि ईसुरी की फाग भी गाई जाती हैं। अगले क्रम में श्री सुदीप गुप्ता एवं साथी (कोलकाता) ने कठपुतली प्रदर्शन में अलग-अलग कहानियों के साथ पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण एवं मानव के बीच का जीवन्त संबंध दिखाया। साथ ही प्रकृति संरक्षण का संदेश भी दिया। कहानी में बताया कि एक हरा-भरा पेड़ प्रकृति की हरियाली में गर्व से खड़ा है और मधुमक्खियां उसके चारों ओर घूमती हैं और उससे शहद ग्रहण करती हैं। एक दिन एक लालची आदमी आता है... वह अपनी आरी निकाल कर उस पेड़ को काटने लगता है और यह काम करते-करते उसकी आरी टूट जाती है। तब उसे प्रकृति को ठेस पहुंचाने का एहसास होता है और वह पश्चाताप करता है।



## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में लगेंगे शिविर

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जन कल्याण अभियान की तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से किया संवाद

### हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दें: मुख्यमंत्री





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024 तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तत्काल तैनात कर दें। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। परिवहन विभाग स्कूल और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। राजस्व महाभियान अब 15 दिसम्बर को समाप्त नहीं होगा, यह अभियान 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। लोक कल्याण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, विकासखण्डों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इस अवधि में अलग-अलग विषयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर गीता पाठ का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य भी कराए जाएंगे।

एनआईसी केन्द्र से विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, कुसमी श्यामवती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सीधी काजल वर्मा, रामपुर नैंकिन राम कुमार साहू शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चे के हाथ में फूटा पटाखा, दाएं हाथ का पंजा कटा, इलाज जारी



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के ओटा पुरवा गांव में रविवार शाम को घर के बाहर खेलते समय एक 13 वर्षीय नाबालिग के हाथ में पटाखा फट गया। हादसे में उसके दाएं हाथ का पंजा कट गया। परिजन उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में लाए, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ओटा पुरवा गांव निवासी अरुण पिता छोटेलाल रैकवार (13) गांव की ही स्कूल में कक्षा छठवीं में पढ़ता है। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण वह दिन में परिजनों के साथ खेत पर घूमने गया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे वह अकेला अपने घर लौट आया। इस दौरान उसे खेलते-खेलते कहीं से पटाखा मिल गया। इसके बाद उसने पटाखा जलाया, तभी पटाखा उसके दाएं हाथ में फट गया। घटना में अरुण के दाएं हाथ का पंजा बुरी तरह कट गया। इसके बाद परिजनों को जानकारी लगने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

**पिता बोले- दाएं हाथ का पंजा कटा:** पिता छोटेलाल रैकवार ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के कारण बच्चा घूमने के लिए खेत पर गया था। पता नहीं कब घर आ गया और कहां से उसको पटाखा मिला। उसके दाएं हाथ का पटाखा फटने से पंजा कट गया है, हम लोग सीधा उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए हैं।

**इलाज जारी:** वहीं जिला अस्पताल के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि एक 13 साल के बच्चे को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि उसके हाथ में पटाखा फटा है, जिसका इलाज किया जा रहा है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में चार साल से शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रविवार को गढ़वा थाना क्षेत्र की नौडिहवा चौकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

चौकी प्रभारी उदय करिहार ने बताया कि 6 दिसंबर को नाबालिग लड़की परिजनों के साथ चौकी पहुंची। उसने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी राम ललित कोल शादी का झांसा देकर 4 साल से दुष्कर्म कर रहा है। शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया था। वहीं आरोपी फरार था। इस पर रविवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## वैश्य महासम्मेलन के मैहर, जिलाध्यक्ष बने अनुपम सोनी



**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने मैहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुपम सोनी को वैश्य महा सम्मेलन का जिलाध्यक्ष बनाया, अनुपम सोनी ने वैश्यों के हितों में कार्य करने तथा वैश्यों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने हेतु कार्य करने की बात कही।

## चला प्रशासन का बुलडोजर, पानी की टंकी के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाया

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना-गुनौर तहसील के सुंगरहा गांव में प्रस्तावित पानी की टंकी में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर प्रशासन ने बुल्डोजर चलाया है। दरअसल, पानी की टंकी के लिए प्रस्तावित जमीन में गांव की एक महिला ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया था। तहसीलदार के आदेश के बाद भी अतिक्रमण नही हटाया जा रहा था। जिस पर प्रशासन ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सुंगरहा मे सुंदरिया बाई पति सोनेलाल ने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कर लिया था। जिसमे गुनौर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने का आदेश भी दिया था। तहसीलदार के आदेश के बाद भी अतिक्रमण नही हटाया जा रहा था।

## शादी का वीडियो देखने की बात पर विवाद

### राजीनामा करने को लेकर नपाकर्मी के साथ मारपीट, बदमाशों ने घर पर पत्थर फेंके

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर के अमानगंज मोहल्ला में रविवार सुबह चार बदमाशों ने पुराने विवाद को लेकर एक नपाकर्मी के साथ मारपीट कर घर पर पत्थर फेंके। इस दौरान आरोपियों ने सामने घर की छत पर चढ़कर अश्लील हरकतें की, जिसका वीडियो नपाकर्मी ने बना लिया। उसने इसकी शिकायत पुलिस से की है, वहीं थाना प्रभारी ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

फूलन देवी कॉलोनी के अमानगंज मोहल्ला निवासी धीरज पिता भगवान दास वाल्मीकि (34) ने बताया कि वह छतरपुर नगर पालिका में बागवानी का कार्य करता है। रविवार की सुबह 6 बजे वह ड्यूटी पर गया था। इसके बाद जब 10 बजे ड्यूटी से वापस घर लौटा, तो पुराने केस में राजीनामा करने की बात को लेकर आरोपी रज्जु, मुन्ना, उम्मी, धीरू वाल्मीकि ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर मारपीट की।

इसके बाद जब वह मामले की थाने में शिकायत करने जा रहा था तो, आरोपियों ने घर के बाहर से ही पत्थर मारना शुरू कर दिया। इसके बाद वह परिजनों को अंदर कर गेट बंद करके छुप गया। इसपर आरोपी पड़ोसी के छत पर चढ़कर घर के अंदर पत्थर मारने लगे, जिसका उसने वीडियो भी बनाया हैं।

**धूमधाम से शादी को लेकर हुआ विवाद:** नपाकर्मी धीरज वाल्मीकि ने बताया कि मोहल्ले में उसकी शादी धूमधाम से हुई थी, तभी से आरोपी उससे जलन की भावना रखते थे। इसके बाद 3 अप्रैल 2019 को वह परिवार के साथ घर के बाहर बैठकर शादी का वीडियो देख रहे थे, तब इन लोगों ने मारपीट की। जिसका न्यायालय में केस चल रहा है। अब इस मामले में राजीनामा करने का दबाव बनाने के लिए यह लोग मारपीट कर रहे हैं, जिसकी शिकायत थाने में 6 बार की गई है।

**मारपीट की, घर पर पत्थर फेंके:** धीरज ने बताया कि इसके बाद रविवार को सुबह 10:30 बजे जब आरोपियों ने मारपीट की, तो हमने कंट्रोल रूम में शिकायत की। उसने आरोप लगाया कि इसके बाद पुलिस आई और पुलिस के सामने ही अपराधियों ने घर के ऊपर चढ़कर घर पर पत्थर मारे और गाली-गलौज की, जिसका वीडियो भी बनाया हैं। इसके बाद बड़ी मुश्किल से हम लोग घर से बाहर निकले और थाने में शिकायत की है।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई:** मामले में सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि इस मामले में अभी तक की शिकायत दर्ज की गई है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो हादसे, महिला और बुजुर्ग की मौत, बाइक ने महिला को तो ट्रेन ने बुजुर्ग को टक्कर मारी



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर में दो अलग-अलग हादसों में बाइक से टकराने के कारण एक महिला और ट्रेन से टकराने के कारण एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

चचाई थाना अंतर्गत रविवार सुबह 10 बजे अमलाई नगर के मुख्य मार्ग से पैदल जा रही 58 वर्षीय सोनिया कोल को सामने से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने टक्कर मार दी। इससे महिला को गंभीर चोट आई थी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई, वहीं नाबालिग बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। दूसरी घटना अनूपपुर थाना अंतर्गत परसवार गांव की है। यहां रविवार दोपहर 1.30 बजे घर से मेन रोड की ओर जा रहे 85 वर्षीय दुलीचंद पटेल को एक ट्रेन ने टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई।

## बेटी को चिमटे से पीटा, सिर पर पत्थर मारकर हत्या

### तंत्र-मंत्र कर मानसिक रूप से बीमार बेटी को ठीक कराना चाहता था, मां पहुंची थाने



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शख्स ने अपनी 16 साल की बेटी की पत्थर मारकर हत्या कर दी। इससे पहले, चिमटे से जमकर पीटा। वारदात के बाद उसने अपनी पत्नी को बताया। कुछ दिन से बेटी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह तंत्र-मंत्र के जरिए बेटी की मानसिक स्थिति को ठीक करना चाहता था। आरोपी की पत्नी ने थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला शनिवार का है। दोपहर 3 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक पिता ने अपनी बेटी को झाड़-फूंक के लिए मौत के घाट उतार दिया है। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची।

**बेटी की बीमारी से परेशान था:** पुलिस के मुताबिक गीता सिंह गोड़ (मृतक) कुछ दिन से अजीब हरकतें कर रही थी। वह अक्सर बड़बड़ाती रहती थी। घर छोड़कर चली जाती थी। इससे नाराज पिता सुखपति सिंह गोड़ (आरोपी) ने उसे झाड़-फूंक से करने के माध्यम से ठीक करने का प्रयास किया। जब वह ठीक नहीं हुई, तब आरोपी ने चिमटे से शरीर पर कई वार किया। परेशान होकर घर से भागने लगी, तो पिता ने पत्थर से सिर पर वार किया। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी।

**घर जाकर पत्नी को बताया घटनाक्रम:** घटना के बारे में जब मां कुसुम कली सिंह को पता चला, तब उसने कोतवाली थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई।

## विधायक तथा कलेक्टर ने किया छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विधायक सीधी रीती पाठक तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण कर स्टेडियम को सुव्यवस्थित करने कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि छत्रसाल स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए। इसके लिए खिलाड़ियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं की लिस्ट बना लें। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर फेस वाइल्ड विस्तृत कार्य योजना बना लें। छत्रसाल स्टेडियम जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए महत्वपूर्ण है। स्टेडियम में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

## संभागीय कमिश्नर ने समीक्षा बैठक ली

### हितग्राहियों को राशन-पेयजल उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली में रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जमोद पहुंचे। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में विभागवार कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने के बाद संभागीय कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि जन कल्याण की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सभी अधिकारी संवेदनशीलता से करें।

**कमिश्नर बोले- योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों मिले:** उन्होंने कहा, जिला अधिकारी जन कल्याण से संबंधित सभी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित कर लें और जन कल्याण के लिए अधिकारी संवेदनशीलता से कम करें। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण भी ठीक तरीके से करें। ताकि जिले की रैंकिंग हर बार की तरह टॉप फाइव पर बनी रहे।

**पात्र परिवारों राशन उपलब्ध कराया जाए:** पात्र परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित कर लें। इसके अलावा जो लोग अपात्र इसमें जुड़े हुए हैं, उन्हें पात्रता सूची से हटाने का काम भी साथ-साथ करते रहें और जो पात्र लोग छूटे हैं। उन्हें तुरंत पात्रता सूची में सभी जोड़ा जाए।

पेयजल योजना की तीनों इकाइयों के प्रगति की भी जानकारी ली है और समय पर पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। किसी भी अधिकारी को अगर कोई समस्या आती है तो वह सीधे कलेक्टर को या मुझसे संपर्क करके जानकारी दें।

**बैठक में ये रहे मौजूद:** बैठक में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडे, एसडीएम सर्जन वर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माइकल तिर्की, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, खनिज अधिकारी एके राय, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह, जल निगम के प्रबंधक पंकज वाधवानी, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग योगेंद्र राज, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।


भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को **सोशल मीडिया** पर प्रसारित **शीर्ष प्रबंधन** द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी (डीपफेक) वीडियो के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह आया है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# विचार

## दंडित करने का मकसद

ट्रंप ने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। इससे दुनिया को संदेश दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा। भारत और यूरोप इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे शायद ही बच पाएं।

डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने के 56 दिन पहले ही अपने तीन प्रमुख व्यापार सहयोगी देशों के खिलाफ आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। इसके तहत 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालते ही वे कनाडा और मेक्सिको से अमेरिका में आने वाली वस्तुओं पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। चीन से होने वाले आयात पर पहले ही अलग-अलग, लेकिन ऊंची दरों से आयात शुल्क लगाया जा चुका है। कनाडा और मेक्सिको के साथ अमेरिका का मुक्त व्यापार समझौता है। जाहिर है, इस घोषणा के जरिए ट्रंप ने दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि उनका प्रशासन किसी समझौते का ख्याल नहीं करेगा।

इस तरह उन्होंने प्रस्तावित व्यापार युद्ध का पहला गोला दागा है। भारत और यूरोपीय देश इसके असर से फिलहाल बच गए हैं, लेकिन लंबे समय तक वे बच पाएंगे, इसकी संभावना कम ही है। राष्ट्रपति चुनाव अभियान दौरान ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ भी आयात शुल्क लगाने का इरादा जताया था। उसके मुताबिक भारत से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगेगा। ट्रंप की इस घोषणा ने अमेरिकी कारोबार जगत में उथल-पुथल मचा दी है। मंगलवार को यह एलान होते ही शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। उधर कारोबार से जुड़ी संस्थाओं ने दो-टूक कहा कि इस कदम के परिणामस्वरूप अमेरिका में महंगाई तेजी से बढ़ेगी, उद्योगों की लागत बढ़ जाएगी जिससे अमेरिकी निर्यात भी महंगे हो जाएंगे।

उधर चीन, मेक्सिको और कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यानी वे भी अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाएंगे। नतीजा होगा कि उन बड़े बाजारों में अमेरिकी निर्यात और महंगे हो जाएंगे, जिससे वहां अमेरिकी कंपनियों का हिस्सा घटना तय है। आम समझ है कि व्यापार चक्र को इस तरह पलटना किसी के फायदे में नहीं है। ट्रंप ने कहा है कि उपरोक्त तीनों देश मादक पदार्थ और अपराधियों को अमेरिका भेज रहे हैं, इसलिए उन्हें दंडित करने के मकसद से उन्होंने ये कदम उठाया है। मगर ये बात शायद ही किसी के गले उतरेगी।

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं

**ललित गर्ग**

**महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुयमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुयमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणयों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं।**




सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती।

तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा।

फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार बनाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।

2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए, हालांकि राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर उस वक्त उन्होंने तीन दिन की सरकार जरूर बनाई। यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया।

भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं। उनको मिली शानदार सफलता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उन्हें मिला अटूट समर्थन था। संघ इस बात पर अड़ा हुआ था कि भाजपा को कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखने के लिए इस बार मुख्यमंत्री पद के लिए राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश की तरह लो-प्रोफाइल नेता नहीं चाहिए और फडणवीस ही इस पद के लिए उसकी पहली पसंद हैं। शाह, योगी और फडणवीस- इन तीनों के सामने अभी बहुत वर्षों की राजनीति शेष है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर बढ़ते हुए फडणवीस को ऐसे सर्वमान्य व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो खींचतान और दबाव के बीच संतुलन बनाए रखते हैं, उनमें हर बड़ी-से-कड़ी जिम्मेदारी को निभाने की क्षमता है। इस विधा में उनके कौशल का परीक्षण अब महाराष्ट्र में तीन-पक्षीय गठबंधन सरकार के नेतृत्व से होने जा रहा है।

# ब्याज दर की कटौती में महंगाई बाधक

**सतीश सिंह**

मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज संपन्न हो जायेगी, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा ब्याज दर में कटौती होगा, क्योंकि एक लंबे समय से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो वह दर होती है, जिस दर पर रिजर्व बैंक व्यवसायिक बैंकों को कर्ज देता है। रेपो दर यथावत रहने के कारण बैंकों की ऋण दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। महंगी दर पर उधारी मिलने से ऋण का उठाव कम है। कंपनियों के पास पूंजी की कमी है, जिससे देश में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ गयी हैं। ब्याज दर में कटौती की मांग खुद केंद्रीय मंत्रियों की ओर से की जा रही है। निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल, दोनों ने ब्याज दर घटाने की मांग की है, क्योंकि तभी व्यापार और उद्योग क्षेत्र कर्ज लेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की गाड़ी आगे चलेगी। लेकिन ऊंची मुद्रास्फीति को देखते हुए मानना मुश्किल है कि रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करेगा ही। रिजर्व बैंक ने अपने ताजा अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए सात फीसदी और अंतिम तिमाही के लिए 7.4 प्रतिशत जताया है, जबकि मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.8 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रहने का उसने अनुमान जताया है। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता, भू-राजनैतिक संकट की निरंतरता, मानसून के अनुकूल न रहने, खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमत और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल में तेजी के कारण मुद्रास्फीति की दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। अक्तूबर में तो मुद्रास्फीति 14 महीनों के उच्च स्तर पर, यानी 6.21 प्रतिशत थी, जबकि सितंबर में यह 5.5 फीसदी थी। यानी विगत दो महीनों में औसत मुद्रास्फीति दर 5.9 प्रतिशत रही है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर में 0.25 आधार अंकों की वृद्धि की थी, जिससे यह बढ़कर 6.50 फीसदी हो गयी थी। कोरोना से पहले फरवरी, 2020 में रेपो दर 5.15 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक ने मार्च से अक्तूबर, 2020 के बीच रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की कटौती की थी। उसके बाद मौद्रिक नीति समिति ने अपनी 10 बैठकों में रेपो दर में पांच बार वृद्धि की, चार बार इसे यथावत रखा और एक बार अगस्त, 2022 में 0.50 आधार अंकों की कटौती की। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में कमी आयी है, इसके बावजूद वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 फीसदी और 6.1 प्रतिशत थी। मूडीज ने हालांकि 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी पर यथावत रखा है और 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 6.6 प्रतिशत जताया है। उसने अगले दो वर्षों में भारत में मुद्रास्फीति का अनुमान क्रमशः 4.5 प्रतिशत और 4.1 फीसदी जताया है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं




सेवाओं की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की क्रय शक्ति कम हो जाती है और वस्तुओं व सेवाओं की मांग भी घट जाती है। बिक्री घटने से उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है और रोजगार सृजन में कमी आती है। यानी मुद्रास्फीति को कम करने से ही विकास की गाड़ी आगे बढ़ सकती है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है, जिस कारण उधारी दर भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। इससे 15 नवंबर तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष की इसी अवधि में 20.6 प्रतिशत था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आयी है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। बैंक जमा में आयी कमी की भरपाई के लिए बैंक सरकारी बॉन्ड्स को परिपक्वता तिथि से पहले ही भुना रहे हैं। पूंजी की किल्लत की वजह से उधारी के उठाव में भी उल्लेखनीय कमी आयी है, क्योंकि पूंजी की कमी के कारण बैंकों को कर्ज देने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फिलवक्त, जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गयी है, जबकि मुद्रास्फीति ऊंची है।

अगले दो वित्त वर्षों में मुद्रास्फीति के रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं, लेकिन मुद्रास्फीति के कई दुष्परिणाम होने के कारण मौद्रिक नीति समिति रेपो दर में कटौती करने से बच रही है। रेपो दर के उच्च स्तर पर बने रहने के कारण उधारी दर भी उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिसके कारण खुदरा और कॉरपोरेट ऋण में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता बनी हुई है, जिससे विकास दर नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में कमी आने का यह एक महत्वपूर्ण कारण है। केंद्रीय बैंक अब भी महंगाई की चाल पर पैनी निगाह बनाये हुए है, क्योंकि यह विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में, उम्मीद यह है कि मौद्रिक नीति समिति इस बार भी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के स्तर पर यथावत रख सकती है।

# शादी में हॉकी-स्टिक से युवकों की पिटाई

## पुलिस ने पहले लगाई जमानतीय धारा, मेडिकल-रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का केस, अब आरोपियों को छोड़ा





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** अपराधियों को बचाने पुलिस अपने कानूनी अधिकार का कैसे दुरुपयोग करती है, यह कारनामा बिलासपुर में देखने को मिला। पुलिस ने 12 दिन पहले गैंगवार और जानलेवा हमला करने वालों को बचाने के लिए जमानतीय धारा के तहत केस दर्ज किया।

जिसके बाद डॉक्टर के मेडिकल रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने हमलावरों को पकड़ा और थाने से छोड़ दिया। अब उस केस में जानलेवा हमले की धारा हटाने के लिए डॉक्टर के मेडिकल रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए क्वेरी कराई जा रही है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, 12 दिन पहले एक शादी समारोह के दौरान गैंगवार हो गया था। इस दौरान दो युवकों की बेरहमी से पिटाई कर उन्हें अधमरा कर दिया गया। आरोप है कि युवक शादी में बिना निमंत्रण के युवक पहुंच गए थे। इसके बाद कुल्हाड़ी, बेस बैट और हॉकी स्टिक से दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट की गई।

इनमें एक युवक के सिर पर 31 टांके लगे हैं और उसकी हालत गंभीर है। वहीं, इस वारदात में उसके दो दोस्त भी बुरी तरह से घायल हो गए। बावजूद इसके पुलिस ने हमलावरों पर साधारण मारपीट का केस दर्ज किया। वहीं, इस हमले में घायल युवकों पर भी काउंटर केस दर्ज कर लिया।

**मेडिकल रिपोर्ट पर जोड़ी हत्या के प्रयास की धारा:** इस केस में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए गए, तब मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर इस केस में पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की धारा जोड़कर जांच शुरू कर दी।

**पांच आरोपियों को पकड़कर थाने से छोड़ा:** जब हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया, तब घटना के 11 दिन बाद शुक्रवार को पांच आरोपियों को पकड़ा गया। इस दौरान उन्हें करीब 7 घंटे थाने में बैठाने के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस अफसरों के दबाव में गैरजमानतीय केस में भी आरोपियों को छोड़ दिया गया।

**धारा हटाने पुलिस की मेडिकल रिपोर्ट पर उठाए सवाल:** पीड़ित पक्ष का आरोप है कि, पहले पुलिस ने जानबूझकर जानलेवा हमले का केस दर्ज नहीं किया। जब मेडिकल रिपोर्ट आई, तब हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। वहीं, अब डॉक्टर के मेडिकल रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए पुलिस ने दोबारा मेडिकल रिपोर्ट का क्वेरी कराने के लिए पत्र लिखा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि, आरोपियों के खिलाफ दर्ज हत्या के प्रयास की धारा को हटाई जा सके।

**तीन युवकों को हमलावरों ने किया था अधमरा:** पुराना बस स्टैंड के पास स्थित जगन्नाथ मंगलम भवन में 25 नवंबर की रात कश्यप परिवार के यहां शादी समारोह थी। इस समारोह में तेलीपारा निवासी शैलेष कश्यप, उसका दोस्त मनीष गुप्ता उर्फ नंदू, अभिनव सोनी व अन्य को भी बुलाया गया था। लिहाजा, सभी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। रात में जब सभी गेट के पास पहुंचे, तब बव्वन, उदित, कुश, ओम और गुन्नी कश्यप खड़े थे।

उन्होंने शैलेश और उसके दोस्तों को रोक लिया। बिना निमंत्रण कार्यक्रम में जबरदस्ती प्रवेश करने आरोप लगाया। इस दौरान शैलेष और उसके दोस्तों ने निमंत्रण पर ही आयोजन में शामिल होने की बात कही, जिसके बाद बव्वन और उसके अन्य दोस्तों व रिश्तेदारों ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते उन्होंने बेस बेट, हॉकी स्टीक निकाल ली गई।

इस दौरान युवक उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर मारते रहे, जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। इस हमले में शैलेष, मनीष अभिनव व एक अन्य को काफी चोट आई। मनीष मौके पर ही खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने विवाद शांत कराया। इसके बाद शैलेष को उसके दोस्तों ने अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों को मनीष के सिर 31 टांगे लगाने पड़े। वहीं, मनीष और अभिनव भी बुरी तरह से घायल हो गए।

**एएसपी बोले- अभी जांच चल रही:** एडिशनल एसपी राजेंद्र जायसवाल का कहना है कि, दो पक्षों के बीच मारपीट में अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में विवेचना जारी है। मेडिकल रिपोर्ट की क्वेरी कराई जा रही है। आरोपियों को थाने लाया गया था। आरोपियों पर अजमानतीय धाराएं लगाई है और जांच चल रही है।

## युवक की बेरहमी से पिटाई, जमीन पर गिरा तो घसीटकर दूसरी जगह ले गए, फिर बरसाए डंडे



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में एक युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। मामला जयनगर थाना इलाके के सिलफिली गांव का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग युवक को डंडे से पीट रहे हैं। युवक को घसीटा जा रहा है। युवक बेहोश हो चुका था, फिर भी उसकी पिटाई की गई।

इस दौरान युवक को एक महिला बचाने की कोशिश करती भी दिखी, लेकिन वहां मौजूद लोग किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। बताया जा रहा है कि पिटाई के कारण गंभीर रूप से घायल युवक को अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**घायल युवक अंबिकापुर रेफर:** वीडियो में कुछ लोग युवक को भीड़ से बचाने की भी कोशिश कर रहे हैं, जो उसके परिचित नजर आते हैं। उनके बार-बार गुहार लगाने के बाद भी वहां मौजूद लोग नहीं रुके। गाली-गलौज करते हुए युवक को पीटते रहे। आखिर में युवक खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया।

**युवक मानसिक रूप से कमजोर:** जानकारी के मुताबिक युवक मानसिक रूप से कमजोर है। युवक रात को किसी के घर में घुस गया। इसे देखकर घर और आसपास के लोग जमा हुए और युवक की पिटाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि घायल युवक को पहले पास के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

**रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई:** घटना के संबंध में अब तक दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैंती-गैंग ने चोरी का सोना रखा गिरवी...ज्वेलर्स गलाते थे माल

## 85 लाख के गोल्ड-सिल्वर बरामद, सेम-पैटर्न में 25 घरों में सवा करोड़ की चोरी





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर में गैंती गैंग ने 25 घरों से सवा करोड़ की चोरी की है। 11 में से 3 लोग चोर थे, जो गैंती (कुदारी) के सहारे ताला तोड़कर घरों में घुसते थे। आरोपियों ने सेम पैटर्न में सभी चोरियों को अंजाम दिया है। पुलिस ने गैंती गैंग से अब तक करीब 85 लाख रुपए का सोना-चांदी बरामद किया है। फिलहाल 11 आरोपी पुलिस रिमांड में हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गहने-जेवरात चुराकर फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रख दिए थे। गैंग में 5 व्यक्ति चोरी के माल को खपाने के लिए मीडिएटर की भूमिका निभाते थे। माल को गलाने के लिए सुनार के पास लेकर जाते थे। पुलिस ने 3 ज्वेलरी शॉप के मालिकों को भी गिरफ्तार किया है।

**विस्तार से पढ़िए पूरा मामला:** दरअसल, रायपुर में बीते 5-6 महीनों में करीब 25 घरों में सवा करोड़ रुपए की चोरी हुई। सिलसिलेवार इन चोरियों ने पुलिस के नाक में दम कर दिया था। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह ने केस एंटी क्राइम यूनिट को सौंपा। एंटी क्राइम यूनिट की पुलिस टीम ने मार्च-24 से सितंबर 24 में यानी 7 महीनों में रायपुर के मुजगहन, विधानसभा, तिल्दा नेवरा और मंदिरहसौद जैसे आउटर थानों में हुई चोरी की वारदातों की जांच शुरू की। इन इलाकों के आवासीय कॉलोनी में सिलसिलेवार तरीके से चोरी हुई थी।

**सभी घरों में लाल गैंती (कुदारी) से टूटा था ताला:** पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया कि घरों में जो ताले तोड़े गए हैं, उसमें लाल रंग के पेंट के निशान दिख रहे हैं, जो तोड़ते समय ताले पर चिपक गए थे। पुलिस को पहला शक हुआ कि यह सभी चोरियां किसी एक ही गैंग ने की है। इसके बाद आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी कुछ आरोपी नजर आए। आरोपियों के हाथ में लाल रंग की गैंती दिखी। चेहरे मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

**रायपुर में लिया था किराए का घर:** पुलिस को तकनीकी एनालिसिस और सीसीटीवी के आधार पर पता चला कि आरोपियों ने रायपुर में ही एक किराए के घर में अपना ठिकाना बना रखा है। जहां रेड मारा गया, जिसके बाद पुलिस ने बिलासपुर निवासी सृजन शर्मा को अरेस्ट किया। आरोपी सृजन एक शातिर चोर है और इस गिरोह का सरगना है। उसके खिलाफ चोरी के 12 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है। मध्यप्रदेश और ओडिशा के चोर गिरोहों की तरह उसने छत्तीसगढ़ के अपराधी किस्म के लड़कों को इकट्ठा कर अपना गिरोह बनाया।

**चालाकी से चोरी करने की ट्रेनिंग:** आरोपी सृजन मुंगेली निवासी शफीक मोहम्मद और उमेश उपाध्याय के साथ मिलकर घरों में घुसता था। उसने दोनों को ताले तोड़ने और चालाकी से चोरी करने की ट्रेनिंग भी दे रखी थी। पुलिस ने शफीक और उमेश को भी अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार किया है।

**आरोपियों ने बताया घर चुनने का पैटर्न:** पुलिस ने जब आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की। तो पता चला कि आरोपियों ने 25 घरों में चोरी करने से पहले कहीं पर भी रेकी नहीं की थी। उन्होंने बिना रेकी किए ही इन पूरी वारदातों को किया है। तीनों आरोपी आउटर इलाके के कॉलोनियों में बाइक से पहुंचते थे। गाड़ी दूर में खड़ी करके वह गैंती लेकर एक-एक घर को छानते थे, जिस घर पर ताला लटका होता था। वहां फौरन गैंती से ताला तोड़कर अंदर घुसते थे। उन्हें अंदाजा भी नहीं रहता था कि ये किसका घर है और अंदर कितना माल हो सकता है।

**अलमारियों से उड़ाए लाखों रुपए के गहने-जेवरात:** आरोपी सृजन ने शफीक और उमेश के साथ मिलकर घरों के आलमारी और लॉकर में रखें सोने चांदी के गहने और कैश की चोरियां की। इन्होंने सबसे बड़ा हाथ विधानसभा थाने इलाके के एक घर पर 10 लाख रुपए का मारा था। विधानसभा थाना क्षेत्र में आरोपियों ने 9 चोरी की।

## हिंदू संगठनों ने रोकवाई प्रार्थना सभा

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में धर्मांतरण के कई मामले सामने आ चुके हैं। रविवार की दोपहर को एक घर में चल रही प्रार्थना सभा को हिंदू संगठन के लोगों ने रोका और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दो लोगों को थाना लाकर उनसे पूछताछ कर रही है। मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक कोसमनारा क्षेत्र के कलारमुड़ा में रहने वाले राजू उरांव के घर में प्रार्थना सभा चल रही थी। यहां करीब 15-20 महिलाएं इस सभा में थी। जिसकी जानकारी जब विश्व हिंदू परिषद के लोगों को लगी, तो वे मौके पर पहुंच गए और प्रार्थना सभा को रोकवाने के लिए मामले की जानकारी कोतरा रोड पुलिस को दी।

ऐसे में पुलिस के अधिकारी और जवान तत्काल कलारमुड़ा पहुंचे। तब हिंदू संगठन के लोगों ने प्रार्थना सभा को रोकवाया। पुलिस ने वहां मौजूद राजू उरांव और पास्टर दिलीप चौहान को हिरासत में ले लिया और दोनों को कोतरा रोड थाना ले आई।

## टीका लगाने के बाद ढाई महीने के बच्चे की मौत

# टीकाकरण के बाद आया था बुखार, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, सूरजपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में टीकाकरण के बाद बुखार आने से नवजात बच्चे की मौत हो गई। दंपती का यह पहला बच्चा था। परिजनों ने स्वास्थ्य अमले पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं, सीएमएचओ ने कहा कि, मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य टीम गांव में भेजी गई।

जानकारी के मुताबिक, रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम परशुरामपुर में टीका लगाया गया था। निवासी धनेश के ढाई महीने के बेटे प्रियांशु को भी शुक्रवार को गांव में टीका लगाया गया। प्रियांशु की मां शीतल ने बताया कि, बच्चे को टीका लगाने के बाद एक सिरप दिया गया था। बच्चे को बुखार आने पर सिरप पिलाने कहा गया था।

**नहीं उतरा बुखार, हो गई मौत:** बच्चे की मां ने कहा कि, टीका लगने के कुछ घंटे बाद से प्रियांशु को तेज बुखार आया। बच्चे को सिरप देने के बाद भी बुखार नहीं उतरा, तो उसने मितानिन से संपर्क कर बुखार नहीं उतरने की जानकारी दी। मितानिन ने सिरप देने के मामले में पूछा और ठंडे पानी से सिकाई करने कहा।

शीतल ने बताया कि, मितानिन के मुताबिक इलाज भी किया गया लेकिन बच्चे का बुखार नहीं उतरा और रविवार सुबह 6 बजे उसकी मौत हो गई। बच्चे के परिजनों ने मामले की शिकायत रामानुजनगर थाने में की है और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

**सीएमएचओ बोले- जांच के बाद स्पष्ट होगा कारण:** सूरजपुर सीएमएचओ डॉ. कपिल पैकरा ने बताया कि, बच्चे के मौत की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य टीम को जांच के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही कारणों का पता चल सकेगा। गांव में शुक्रवार को मृत बच्चे के साथ और बच्चों का टीकाकरण किया गया था। जिन बच्चों का टीकाकरण किया गया था, उनमें बाकी बच्चे स्वस्थ हैं। उनकी भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**दो महीने पहले सरगुजा में हुई थी मौत:** बता दें कि, करीब दो महीने पहले सरगुजा जिले के मैनपाट में टीकाकरण के बाद ढाई माह के बच्चे की मौत हो गई थी। बच्चे को टीका लगने के बाद तेज बुखार आया था। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया कि, बच्चे की श्वास नली में दूध फंसने के कारण बच्चे की मौत हो गई थी।

## मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-01 ने प्रशिक्षण प्राप्त किया

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज नगरीय निकाय, नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में मतदान हेतु गठित मतदान दल में से पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-01 का प्रथम प्रशिक्षण स्थल-स्वामी आत्मानंद शा.उ.मा.वि. मनेन्द्रगढ़ में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की गई। जिसमें 90 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों उपस्थित होकर मास्टर ट्रेनर के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# कार सवार 2 बहनों समेत 3 की मौत, गुरुद्वारे से लौटते वक्त पेड़ से टकराई गाड़ी, नहीं खुले एयरबैग, भाई की हालत गंभीर



**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-1 में शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में 2 सगी बहन समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि भाई की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि, गुरुद्वारा से पाठ कर सभी घर लौट रहे थे। घटना भट्टी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मरने वालों की पहचान धनोरा निवासी लोकेंद्र उइके (32), मरोदा निवासी दीपिका कौर (28) और पूनम कौर (33) के रूप में हुई है। वहीं, परमवीर सिंह (23) गंभीर रूप से जख्मी है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दीपिका, पूनम और परमवीर तीनों भाई-बहन हैं। लोकेंद्र इनका दोस्त था।

**दो युवती समेत 4 लोग थे सवार:** जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे कार क्रमांक सीजी 07 एटी 2620 सेंट्रल एवेन्यू रोड पर एक्यूपमेंट चौक की तरफ से तेज रफ्तार से जा रही थी। कार लोकेंद्र चला रहा था। उसके बगल में परमवीर बैठा था। पीछे की सीट पर दीपिका और पूनम बैठी थी।

**एक ने मौके पर, दो लोगों ने अस्पताल में तोड़ा दम:** इसी बीच कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर झाड़ियों में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और डायल-112 को कॉल कर सूचना दी। पुलिस ने घायलों को सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक एक की मौके पर और दो लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा है।

**हादसे के बाद नहीं खुला एयरबैग:** बताया जा रहा है कि ड्राइवर समेत किसी ने भी सीट बेल्ट नहीं लगाई थी। हादसे के बाद एक भी एयरबैग नहीं खुला। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगाई होती तो एयरबैग खुलने से उनकी जान बच सकती थी। इतना बड़ा हादसा नहीं होता।

**दोस्त की कार से पाठ में गए थे भाई-बहन:** लोकेंद्र धनोरा दुर्ग का सिविल कॉन्ट्रैक्टर था। वहीं पूनम का तलाक हो चुका था। उसका एक 16 साल का बेटा है, जो 10वीं में पढ़ रहा है। दीपिका घर पर ही रहती थी।

# मुख्यमंत्री 9 को देंगे जिले को विकास कार्यों की अनेक सौगात

## बहुप्रतीक्षित मांगों की कर सकते हैं घोषणाएं



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 9 दिसंबर को मनेंद्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 31 करोड़ 43 लाख रुपए के लोकार्पण और 517 करोड़ 82 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके अलावा विभिन्न हितग्राही मूलक सामग्रियों के वितरण भी किए जाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक विभिन्न नगर पालिका, नगर पंचायत और विकासखंडों में सड़क, नाली,भवन और प्रकाश व्यवस्था जैसे प्रमुख कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा।

प्रमुख विकास कार्यों के तहत साजापहाड़ से महेन्द्र कारीमाटी तक (50 लाख रुपए), वार्ड 6 और वार्ड 37 के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 47 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण। हल्दीबाड़ी में ट्यूबलर पोल से प्रकाश व्यवस्था (24.27 लाख), बगनच्चा दफाई में फुटपाथ निर्माण (25.44 लाख), ग्राम केल्हारी और मनेन्द्रगढ़ में सरकारी कर्मचारियों के लिए एच टाइप भवन निर्माण पर कुल 256.72 लाख रुपए। रतनपुर से बेगापारा (209.81 लाख), बहरासी से बाहीडोल (1092.51 लाख), कुल 15 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित। इसी तरह स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में आकांक्षीय शौचालय निर्माण पर 46.03 लाख रुपए की लागत से कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के इस दौरे में जिले के विकास के लिए और भी अहम घोषणाएं होने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं से क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और नागरिकों को नई सुविधाएं मिलेंगी। जिलेवासियों ने मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उत्साह जताया है। क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत योजनाओं से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना है।

# रायपुर आंदोलन करने पहुंचे शिक्षकों को पुलिस ने भगाया

## कहा-टीचर हो इसका ये मतलब नहीं कुछ भी करोगे, शिक्षक बोले- हमारी नौकरी सुरक्षित करे सरकार





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बी.एड डिग्री-धारी सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। रविवार को रायपुर में राम मंदिर के सामने सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने की गुहार को लेकर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करने आए थे। लेकिन दोपहर में मंदिर के पट बंद रहने के कारण शिक्षकों ने मंदिर परिसर के बाहर ही हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इस दौरान मौके में मौजूद पुलिस ने फटकार लगाते हुए सभी शिक्षकों को रोक दिया। एक पुलिसकर्मी ने कहा कि जबरदस्ती उठाकर ले जाउंगा समझ आ जाएगा। प्रेम से समझाया जा रहा है, टीचर्स हो इसका मतलब ये नहीं कि बिना परमिशन के कुछ भी करोगे।

**शिक्षक बोले- हमारी नौकरी कभी भी जा सकती है:** उदयपुर ब्लाक सरगुजा के आए सहायक शिक्षक अभिषेक दास महंत ने बताया कि 10 दिसंबर को कंटेंप्ट-ऑफ-कोर्ट की सुनवाई होने वाली है। जिसमें कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि डीएड वालों की लिस्ट जारी करें।

बी.एड डिग्री-धारी 2900 सहायक शिक्षक पिछले 14 महीने से नौकरी कर रहे हैं। हम सभी डरे हुए है कि हमारी नौकरी किसी भी वक्त जा सकती है। हमारी नौकरी को सुरक्षित करने के लिए हमने मंत्रियों से मुलाकात की है। लेकिन सरकार की ओर से हमें कोई आश्वासन नहीं मिला है।

बी.एड सहायक शिक्षक सभी डरे हुए हैं, हमारी नौकरी कभी भी जा सकती है। इससे पहले भी हम सरकार से मांग करते है कि सरकार हमारी नौकरी सुरक्षित करें ।

**आजीविका इसी नौकरी पर निर्भर:** सहायक शिक्षक इमेश्वरी कंवरने बताया कि वे मोहला ब्लॉक की रहने वाली है और वह बस्तर के फरसगांव में पढ़ाती है। अपने घर में नौकरी करके वाली वही है। उनके बुजुर्ग सांस-ससुर और बच्चा है। इमेश्वरी ने बताया कि परिवार को पालने के लिए उनकी आजीविका का साधन यही है। लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के फैसले के हिसाब से हम अपनी सेवा को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राम मंदिर के सामने हनुमान चालीसा करने आए है और भगवान के साथ-साथ सरकार से भी भी गुहार लगा रहे हैं, हमारी सेवा सुरक्षित करें, हमें उचित समायोजन देवें। हमें बेरोजगार न करें।

**सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया फैसला:** छत्तीसगढ़ के प्राइमरी स्कूल में नियुक्त 6285 बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति निरस्त करने हाईकोर्ट के फैसले को सही ठहराया और कहा कि प्राइमरी स्कूल में भर्ती के ये हकदार नहीं।

साल 2023 में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए प्राइमरी स्कूलों में बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की नियुक्ति की थी, जबकि स्ष्ट ने अपने फैसले में साफ कहा था कि 11 अगस्त के फैसले के बाद बीएड डिग्रीधारियों को प्राइमरी स्कूलों के पद पर अपॉइंटमेंट नहीं दिया जा सकता है। इसके बाद भी देश में केवल छत्तीसगढ़ इकलौता राज्य है, जहां बीएड डिग्रीधारकों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी है।

# शरद पवार बोले-महायुति की जीत से लोगों में नाराजगी

**सोलापुर ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव रिजल्ट पर अब एनसीपी( प्रमुख शरद पवार ने सवाल उठाया है। पवार ने कहा, यह सच है कि हम हार गए। हमें चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि लोगों के पास जाना चाहिए, क्योंकि रिजल्ट को लेकर लोगों में कोई उत्साह नहीं दिख रहा है। बहुत नाराजगी है। पवार ने शनिवार को कोल्हापुर में कहा था कि चुनाव में राजनीतिक दलों को मिले वोटों और जीती सीटों की तुलना हैरान करने वाली है। कांग्रेस को 80 लाख वोट मिले और उसने 15 सीटें जीतीं, जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 79 लाख वोट मिले और वह 57 सीटों पर जीती। पवार ने कहा- अजित पवार की एनसीपी को 58 लाख वोट मिले और उसने 41 सीटें जीतीं, जबकि मेरी पार्टी को 72 लाख वोट मिले और हमें केवल 10 सीटों पर जीत मिली। ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं। शरद पवार के बयान पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, %वरिष्ठ नेता होने के नाते शरद पवार को देश को गुमराह नहीं करना चाहिए। यदि आप हार स्वीकार कर लेंगे तो आप इससे बाहर आ जाएंगे। मैं उम्मीद करता हूं आप अपने सहयोगियों को आत्मनिरीक्षण की सलाह देंगे। फडणवीस ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र में 1 करोड़ 49 लाख 13 हजार 914 वोट मिले और 9 सीटें मिलीं। कांग्रेस को 96 लाख 41 हजार 856 वोट मिले और 13 सीटें मिलीं।

# प्रदेश में 11 दिसम्बर से शुरू होगा जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व -मुख्यमंत्री



**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि युवा, नारी, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रदेश में जन-कल्याण पर्व भी मनाया जायेगा, इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों की गतिविधियों और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी होगा। साथ ही राज्य शासन की एक वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शित भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान और जन-कल्याण पर्व में होने वाली गतिविधियों की कार्य-योजना पर चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन-कल्याण अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवा, नारी, किसान तथा गरीब वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करना है एवं उनके हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित करना है।

# महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को 105 विधायकों ने शपथ ली। इन सभी ने ईवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था। कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी-एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे 9 विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। इधर, राहुल नार्वेकर ने आज स्पीकर पद के लिए नामांकन भर दिया है। कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना जाना तय है क्योंकि किसी और उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने ष्टरूफडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे।

# महाराष्ट्र में 103 किसानों को वफ बोर्ड का नोटिस

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में किसानों ने शनिवार को आरोप लगाया है कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। दरअसल, करीब 300 एकड़ जमीन पर दावे का मामला महाराष्ट्र स्टेट वक्फ ट्रिब्यूनल में चल रहा है। इस संबंध में बोर्ड ने लातूर के 103 किसानों को नोटिस भेजा है। मामलें में दो सुनवाई हो चुकी हैं। अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होनी है।

इस पर किसानों ने दावा किया है कि यह वक्फ की संपत्ति नहीं है, उनकी पुश्तैनी जमीन है। वे पीढ़ियों से इस पर खेती करते आ रहे हैं। किसानों ने महाराष्ट्र सरकार से न्याय दिलाने की अपील की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष समीर काजी ने इससे इनकार किया है। उन्होंने मीडिया को बताया कि बोर्ड की तरफ से किसी को नोटिस नहीं भेजा गया



है। किसी जमीन पर दावा भी नहीं किया गया है। एक व्यक्ति ने ट्रिब्यूनल में अपील की है, सिर्फ उसे नोटिस भेजा गया है।

# आदित्य ठाकरे बोले- सपा महाराष्ट्र में भाजपा की बी-टीम

**मुंबई ( एजेंसी )।** समाजवाद पार्टी (सपा) के महाविकास अघाड़ी से अलग होने के बाद विधानमंडल में शिवसेना विधायक दल के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि सपा महाराष्ट्र में भाजपा की बी-टीम है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने शनिवार को एमवीए से अलग होने की घोषणा की थी। शिवसेना ने 6 दिसंबर को बाबरी विध्वंस की बरसी पर अखबार में एड छपवाकर बधाई दी थी। उद्धव ठाकरे के करीबी मिलिंद नार्वेकर ने इसे लेकर एक्स पर पोस्ट भी किया था। इससे नाराज अबू आजमी ने कहा था- भाजपा और शिवसेना में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने बाबरी मस्जिद गिराने वालों को बधाई दी। उद्धव के करीबी ने सोशल मीडिया पर मस्जिद ढहाए जाने की तारीफ की। हम एमवीए से अलग हो रहे हैं। इस पर जवाब देते हुए आदित्य ने रविवार को कहा कि मैं समाजवादी पार्टी के बारे में बात नहीं करना चाहता। अखिलेश यादव अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र में उनके कुछ नेता भाजपा की मदद करते हैं। उनकी बी-टीम बनकर काम करते हैं। आजमी ने कहा था-

# राजस्थान में स्कूली बच्चों की बस पलटी, 3 की मौत

**बाली ( एजेंसी )।** राजस्थान के राजसमंद जिले में स्कूली बच्चों की बस पलट गई। हादसे में 3 छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हेडमास्टर समेत 17 स्टूडेंट्स गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 67 लोग सवार थे। इनमें 62 बच्चे, 6 टीचर और एक ड्राइवर था। जिले के देसूरी नाल में रविवार सुबह करीब 10:30 बजे हुए हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।



हेडमास्टर और 15 बच्चों का राजसमंद के आरके हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को उदयपुर के महाराणा भूपाल हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां से उसे परिजन निजी हॉस्पिटल ले गए। वहीं, 37 बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार, बस चारभुजा (राजसमंद) से देसूरी (पाली) की ओर जा रही थी। इसमें राछिया (आमेट, राजसमंद) के महात्मा गांधी स्कूल के बच्चे थे।

# अमित शाह बोले-बॉर्डर की चिंता हमें नहीं,हमारे जवान निपट लेंगे

**जोधपुर ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस के नाम से जानी जाती है। यही वजह कि सीमा से जब किसी अप्रिय घटना की सूचना आती है तो गृह मंत्री को जरा भी चिंता नहीं होती। यही भरोसा रहता है कि हमारे बीएसएफ के जवान हैं, निपट लेंगे। अजेय भारत का विश्वास 140 करोड़ भारतवासियों के दिलों में पैदा हुआ है। इसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हुए जवानों को जाता है और किसी का इस पर कोई अधिकार नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस (राइजिंग डे) परेड में शामिल हुए।

# जयपुर में राहुल गांधी ने सीखा सेल्फ डिफेंस

जयपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को 1 दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी खेड़ापति बालाजी (सामोद) में कांग्रेस के %नेतृत्व संगम% ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए। आठ दिन से चल रहे ट्रेनिंग कैंप के सुबह के सेशन में राहुल गांधी ने सेल्फ डिफेंस की भी ट्रेनिंग ली। वे ट्रेनिंग कैंपस में कराटे यूनिफॉर्म में नजर आए।

कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे ट्रेनिंग में पहुंचे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा की। राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को ट्रेनिंग कैंप में जाने की अनुमति नहीं थी। शाम को राहुल



गांधी दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था। माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए थे। इस ट्रेनिंग कैंप में देशभर के चुनिंदा कांग्रेस नेता शामिल हो रहे हैं।

इस कैंप में अलग-अलग राज्यों

# दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने की साजिश भाजपा ने रची : सिसोदिया

**नयी दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी(आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने का आरोप लगते हुए रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा फिर अपनी गंदी राजनीति पर उतारू हो गई है। 'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक पुराने ट्वीट को साझा करते हुए कहा,हरदीप पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ, यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज़ राजनीति। दिल्लीवालों को गुमराह करना बंद करो! आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, भाजपा वालों को अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को दिल्ली में कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया!

# गुजरात कोर्ट ने पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को बरी किया

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता साबित नहीं कर सके कि संजीव भट्?ट ने शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया था। साथ ही कोर्ट ने कहा कि भट्ट उस समय पुलिस अधिकारी थे और उन पर केस चलाने के लिए जरूरी मंजूरी भी नहीं ली गई थी। हालांकि, संजीव फिलहाल कोर्ट से बाहर नहीं आ पाएंगे क्योंकि वे 1990 के एक और मामले में जेल में उम्र-कैद की सजा काट रहे हैं। क्या है पूरा



मामला... 1994 के हथियार बरामदगी मामले के 22 आरोपियों में से एक नारन जादव ने 6 जुलाई 1997 को मजिस्ट्रेट कोर्ट में भट्ट के खिलाफ शिकायत की थी। उसने कहा था कि उसे पुलिस कस्टडी में संजीव भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई चौ ने टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट और आर्म्स एक्ट के मामले में कबूलनामा करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से टॉर्चर किया था। उसने भट्ट पर आरोप लगाया कि पोरबंदर पुलिस की टीम 5 जुलाई 1997 को ट्रांसफर वारंट पर अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल से जादव को पोरबंदर में भट्ट के घर ले गई थी।

# उधमपुर में 2 पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गोली मारी

**उधमपुर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रविवार सुबह दो पुलिसकर्मी के शव पुलिस वैन में मिले इनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। जांच करने पहुंचे अधिकारियों के मुताबिक पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे की गोली मारकर हत्या की है। पुलिस का कहना है कि यह आपसी रंजिश से जुड़ा मामला है। पुलिसकर्मी सोपोर से जम्मू क्षेत्र के रियासी से तलवाड़ा के असिस्टेंट ट्रेनिंग सेंटर जा रहे थे। इनमें से एक ड्राइवर और दूसरा हेड कॉन्स्टेबल था। हेड कांस्टेबल ने आत्महत्या करने से पहले किसी बात पर ड्राइवर पर गोली चलाई थी। दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। इस घटना में एक सिलेक्शन ग्रेड कॉन्स्टेबल मामूली रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए भेजा गया है। वहीं उससे मामले के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी हेड कॉन्स्टेबल मलिक ने गोलीबारी में अपनी एके 47 राइफल का इस्तेमाल किया।

# चीन मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा कराये सरकार:कांग्रेस

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन के साथ सीमा विवाद को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में संसद में जो बयान दिया है, उसमें स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में व्यापक चर्चा की जानी चाहिए। पार्टी ने कहा है कि चीन के साथ सीमा पर विवाद की जो स्थिति है, उसमें चीन की तरफ से किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। हाल के वर्षों में चीन के साथ हमारी आर्थिक निर्भरता बढ़ी है, इसलिए संसद में इस मुद्दे पर रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार को चर्चा करानी चाहिए और जो सवाल इस मुद्दे पर आए उन पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा, हमें विदेश मंत्री के बयान पर किसी भी तरह के स्पष्टीकरण की मांग नहीं रखने दी गई थी। संसद को चीन के साथ सीमा पर चुनौतियों से निपटने के सामूहिक संकल्प पर बात करने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को चीन को लेकर बयान दिया था कि हमारी सीमा में ना कोई घुस आया है और न ही कोई घुसा हुआ है% यह बयान असत्य था जिससे भारत की स्थिति कमजोर हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा कि सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने इस साल अक्टूबर में एक बयान में कहा था कि हम 2020 से पूर्व की स्थिति में वापस आना चाहते हैं और उसके बाद ही सैनिकों की वापसी, सीमा पर तनाव कम करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 'नॉर्मल मैनेजमेंट' की बात करेंगे।

# किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला

**शंभू बॉर्डर( एजेंसी )।** पंजाब के 101 किसानों ने रविवार (8 दिसंबर) को दूसरी बार शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी के पुल पर रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। किसान नेता पंधेर का कहना है कि कल दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। 101 किसानों का जत्था दोपहर 12 बजे धरनास्थल से दिल्ली कूच के लिए निकला। पुल पर पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। हरियाणा



पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते।

इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद पुलिस ने किसानों को चाय बिस्किट ऑफर किए और फूल भी बरसाए। फिर भी किसान दिल्ली कूच करने पर अड़े रहे। पुलिस ने दोबारा आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। जिसमें 8 किसान घायल हो गए। किसान नेता सरवन पंधेर के मुताबिक एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया गया।

## नैक द्वारा ए डबल प्लस ग्रेड देने पर राज्यपाल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय को दी बधाई

# डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने कुलगुरु को किया सम्मानित

### कुलगुरु ने संस्थापक कुलाधिपति नाना जी देशमुख को श्रद्धा सुमन अर्पित किए





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बैंगलोर द्वारा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को ए डबल प्लस की ग्रेडिंग प्रदान करने पर ग्रामोदय परिवार ने आस्था और विश्वास के साथ शनिवार को देर शाम चित्रकूट के आराध्य श्री कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को साथ लेकर की। नैक की सर्वोत्तम ग्रेडिंग अर्जित करने से हर्षित और प्रफुल्लित ग्रामोदय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक तौर पर श्री कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। मंदिरों में विराजे भगवान के दर्शन किए और संत महात्माओं से आशीर्वाद लिया। पौराणिक परंपरा के अनुसार लगभग 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा प्राचीन मुखारविंद से प्रारंभ हुई।

कामदगिरि परिक्रमा में स्थित कामतानाथ के चारों द्वारों और स्थापित मंदिरों में विराजमान भगवान के दर्शन उपरांत प्राचीन मुखारबिंद में पूजन एवं आरती के साथ संपन्न हुई। तत्पश्चात कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति एवं परिकल्पक भारतरत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के आवास सियाराम कुटीर गए और नानाजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित किया। नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इसके पूर्व महर्षि वाल्मीकि सभागार में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय परिवार को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित नैक के ए डबल प्लस ग्रेड के लिए दूरभाष पर उन्हें बधाई देते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी है।

कुलगुरु प्रो. मिश्रा ने बताया कि महत्वपूर्ण यह भी है कि महामहिम राज्यपाल ने राजभवन मध्यप्रदेश के ट्विटर से भी ग्रामोदय विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए प्रसन्नता व्यक्त की हैं। उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन में अपने अधिकृत सोशल मीडिया हैंडर्ल्स के माध्यम से ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक द्वारा ए डबल प्लस प्रदान करने की जानकारी प्रसारित की है। विकास की नवीन योजनाओं एवं अंगीकृत विभिन्न आयामों को प्रकट करते हुए कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय को सरकार का पूरा सहयोग और सतत मार्ग दर्शन मिल रहा है। महामहिम राज्यपाल श्री मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार के विश्वविद्यालय आगमन और सतत मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा को आत्मसात कर ग्रामोदय परिवार निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्रामोदय लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सहयोग से मिले अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए डीसीए एवं सीपीसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, बीएएमएस और एविएशन के नवीन पाठ्यक्रम, मंडी बोर्ड आदि नवीन परियोजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय की अर्जित समस्त उपलब्धियों का श्रेय मुखिया के तौर पर केवल मुझे ही नहीं बल्कि ग्रामोदय परिवार के प्रत्येक अंग अर्थात शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, विद्यार्थी और पेड़-पौधों आदि को भी जाता है। उन्होंने ग्रामोदय परिवार के सभी लोगों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी, संकायाध्यक्ष गण प्रो अमरजीत सिंह, प्रो एसके चतुर्वेदी, प्रो शशिकांत त्रिपाठी, डॉ पांडेय, डॉ सुधाकर मिश्रा आदि ने अपने विचार रखें। कुलसचिव प्रो आरसी त्रिपाठी में धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में ग्रामोदय परिवार के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधकर्ता, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सतना-अमरपाटन मार्ग पर हिट एंड रन केस, अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार भाई की मौत, दो बहनें घायल, रीवा रेफर



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना-अमरपाटन मार्ग पर हुए हिट एंड रन केस में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, उसकी दो सगी बहनें गंभीर रूप से घायल हो गई, उन्हें सतना से रीवा रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, सतना-अमरपाटन मार्ग पर भटनवारा के पास शनिवार रात लगभग 10 बजे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रकाश पिता राजेश वर्मा (19) निवासी पतौरा थाना नगौद, सतना की मौत हो गई।

हादसे में उसकी दो सगी बहनों लल्ली वर्मा (22) और जुग्गु वर्मा (18) गंभीर घायल हो गई। उन्हें देर रात सतना जिला अस्पताल लाए जाने के बाद यहां से मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया है।

**भाई की मौके पर मौत, दोनों बहने घायल:** जानकारी के अनुसार प्रकाश अपनी दोनों बहनों को लेकर बाबूपुर-चोरहटा से घर से लौट रहा था। इस दौरान भटनवारा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों भाई-बहन लहूलुहान हो कर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए।

थोड़ी देर बाद जब बहनों को होश आया तो उन्होंने फोन कर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद उन्हें देर रात सतना जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

जबकि, गंभीर हालत के मद्देनजर लल्ली और जुग्गु को रीवा रेफर कर दिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो बूथ पर पिलाई गई दवा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सतना जिले में स्थापित 2622 बूथों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। सतना नगर में महापौर योगेश ताम्रकार ने जिला चिकित्सालय में बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 10 दिसम्बर तक चलाया जायेगा। अभियान के तहत 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। सतना जिले में 3 लाख 60 हजार 799 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। पल्स पोलियो अभियान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुचित्रा अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## हाइवा ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार लोग घायल, दर्शन करने धारकुंडी आश्रम जा रहा था परिवार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना-सेमरिया मार्ग पर कोटर में हाइवा ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्ची भी शामिल है। उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से सतना जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सतना-सेमरिया मार्ग पर कोटर के उद्धव धाम मंदिर के पास तेज रफ्तार हाइवा ने कार को सामने से टक्कर मार दी। हाइवा की टक्कर इतनी जोड़दार थी कि कार सड़क से उतर कर खेत में जा पहुंची।

**एक ही परिवार के चार लोग घायल:** हादसे में कार सवार शिव कुमारी तिवारी (60) पति राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जया तिवारी (9) पिता अजय तिवारी, रचना तिवारी (29) पति विजय और संजय तिवारी घायल हो गए है। सभी महुडर थाना रामपुर के रहने वाले हैं।

**धारकुंडी आश्रम दर्शन करने जा रहा था परिवार:** संजय तिवारी रविवार को अपने परिवार के सदस्यों को लेकर धारकुंडी आश्रम दर्शन करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार उद्धव धाम के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने कार को टक्कर मार दी। हाइवा में लैटेराइट ओवर लोड था। घायलों को डायल हंड्रेड की मदद से अस्पताल ले जाया गया। कोटर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली कर्मचारियों पर ग्रामीणों ने बोला हमला, लात-घूंसे बरसाए, बिजली चोरी पड़कने गई थी टीम



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के गांव में बिजली कनेक्शन की जांच कर बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर बिजली चोरों ने हमला कर दिया। टीम को वहां से जान बचाकर भागना पड़ा। घटना की शिकायत रामपुर बघेलान थाना में दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक, रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम धातुआ में शनिवार को बिजली चोरी करते पकड़े गए ग्रामीणों ने हमला कर दिया। उन्होंने टीम के सदस्यों पर लात-घूंसे बरसाए, उन्हें जूते मारे। बचाव करते हुए स्टाफ गाड़ी में बैठ गया तो उन्होंने गाड़ी पर चढ़कर और स्टाफ को नीचे खींच कर भी मारपीट की। इस घटना में बिजली कंपनी के आउट सोर्स कर्मचारी अनिल तिवारी को घातक चोट आई हैं। सब इंजीनियर समेत टीम में शामिल पूरे स्टाफ को गांव से किसी तरह भाग कर अपनी जान बचानी पड़ी है।

टीम में सब इंजीनियर गणेश पटेल और आउट सोर्स कर्मचारी अनिल तिवारी के अलावा अखिलेश सेन, राजबहादुर सिंह, अजय सिंह, दीपक सोनी, सुजीत पटेल भी शामिल थे।

**बिजली चोरी पकड़ी गई तो कर दिया हमला:** बताया जाता है कि बिजली कंपनी के विद्युत वितरण केंद्र बेला की टीम सब इंजीनियर गणेश गुप्ता के साथ विद्युत कनेक्शन की जांच और बिजली चोरी पकड़ने शनिवार को ग्राम धातुआ गई थी। यहां टीम ने कई जगह दबिश दी और संजय पटेल, सुजीत पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, अतुल पटेल, रामाधार पटेल के यहां से अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल पकड़ा। बिजली कंपनी की टीम ने मोटर पंप और तार जब्त कर ली। टीम की कार्रवाई से बिजली चोरी करते पकड़े गए लोग बौखला गए और उन्होंने टीम पर हमला कर दिया। वे जब्तशुदा पंप और तार भी छुड़ा ले गए।

# एसीएस मंडलोई ने लिया लोड डिस्पैच सेंटर की कार्यप्रणाली का जायज़ा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में नयागांव स्थित लोड डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। मंडलोई ने निरीक्षण के दौरान स्टेट लोड डिस्पेन्सरी सेंटर की साइबर सिक्योरिटी के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि इस संबंध में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की साइबर सिक्योरिटी संबंधित प्रक्रियाओं को राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अन्य प्रदेशों के लोड डिस्पैच सेंटरों को अनुपालन करने की सलाह दी गई है। मंडलोई ने स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर में अत्याधुनिक तकनीक के उपकरणों की सहायता से प्रदेश की विद्युत प्रणाली के रियल टाइम मॉनिटरिंग, समूचे प्रदेश व ग्रिड के सबस्टशेनों से आने वाले डेटा, ग्रिड अनुशासन, एक्स्ट्रा हाई टेंशन सब स्टेशनों के लोड पैटर्न, एनर्जी अकाउंटिंग, ओपन एक्सेस आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति में स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के डिजास्टर मैनेजमेंट संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि लोड डिस्पेच सेंटर में समय-समय पर मॉक ड्रिल और आई लैंडिंग स्कीम से सिस्टम की विश्वसनीयता और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के इंतजामों का परीक्षण किया जाता है। मंडलोई ने लोड डिस्पेच सेंटर में मध्यप्रदेश में बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए की जाने वाली पावर शिड्यूलिंग, विद्युत उत्पादन गृहों से समन्वय, मध्यप्रदेश की 400 केव्ही की ट्रांसमिशन लाइनों में पावर फ्लो, रिन्यूअल इनर्जी का उत्पादन जैसे अनेक अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी ली। उन्होंने वन नेशन वन ग्रिड की अवधारणा को भी समझा व प्रदेश में सोलर एनर्जी के बढ़ते उत्पादन को ग्रिड के साथ इंटीग्रेट करने की चुनौतियों पर भी चर्चा की। मंडलोई ने देश के सर्वश्रेष्ठ लोड डिस्पेच सेंटर्स में से एक मध्यप्रदेश के लोड डिस्पेच सेंटर की विश्व स्तरीय व्यवस्थाओं और उसकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इतने काम्पलेक्स सिस्टम को 24*7 सटीकता से चलाना एक बड़ा चुनौतीपूर्ण टास्क है। निरीक्षण के समय मंडलोई के साथ मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक के अलावा स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के मुख्य अभियंता प्रदीप सचान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान के तहत मैहर विधायक ने बच्चों को पिलाई दवा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को मैहर जिले में 968 टीकाकरण बूथों में शून्य से पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाई गई। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मैहर सिविल अस्पताल में बच्चों को दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान से बच्चों के साथ-साथ भारत का भविष्य भी सुरक्षित हुआ है। इस अभियान में 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। मैहर जिले में 1 लाख 11 हजार 942 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, बीएमओ पीयूष पाण्डेय, डॉ जितेंद्र पाण्डेय, पवन दुबे, डॉ जितेंद्र तिवारी द्वारा भी पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता निभाई।

## अंतिम संस्कार करने के बाद जिंदा मिली महिला

### मायके वालों ने दर्ज कराया था हत्या का मुकदमा




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। ससुराल से लापता हुई महिला को मायके वालों ने मृत मान लिया और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया। मगर हकीकत कुछ और ही निकली। गहन खोजबीन के बाद महिला जीवित मिल गई। मऊ थानांतर्गत एक गांव में रहने वाली विवाहिता 26 फरवरी को अचानक ससुराल से गायब हो गई। ससुराल वालों ने 29 फरवरी को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 6 मार्च को पहाड़ी थाने के बाबूपुर गांव के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला, जिसे मायके वालों ने अपनी बेटी का शव बताकर अंतिम संस्कार कर दिया।

**ससुराल वालों ने नहीं मानी हार:** शव को देखते ही पति और ससुराल वालों ने यह दावा किया कि यह उनकी बहू का शव नहीं है। इसके बावजूद मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न और हत्या के आरोप में ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन ससुराल वालों ने डीएनए जांच की मांग की।

**जिंदा मिली विवाहिता:** ससुराल वालों की कोशिशें रंग लाई और 7 दिसंबर को विवाहिता कौशांबी के धाता रेवई गांव में जिंदा मिली। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसे अगवा कर बेच दिया गया था। उसने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उसे बाइक से ले जाकर बंधक बना लिया और उसके जेवर भी छीन लिए।

**एसपी ने दिया था डीएनए जांच का आदेश:** ससुराल वालों ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह से न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने गिरफ्तारी पर रोक लगाई और डीएनए जांच का आदेश दिया। इस बीच, अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने ससुराल वालों का पक्ष मजबूती से रखा और पूरे मामले की गहराई से जांच की मांग की। अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने सवाल उठाए कि मायके वालों ने शव की पहचान इतनी जल्दी कैसे कर ली? अगवा करने और बेचने के पीछे कौन था? और बाबूपुर तालाब के पास मिला शव किसका था?

**अधिवक्ता बोले- झूठे आरोपों को खत्म करने के लिए करेंगे केस:** पुलिस ने अब पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। डीएनए जांच भी पूरी होने वाली थी, लेकिन विवाहिता के जिंदा मिलने से नया मोड़ आ गया है। अधिवक्ता ने कहा कि ससुराल वालों पर लगाए गए झूठे आरोपों को खत्म कराने के लिए वह कोर्ट में केस दायर करेंगे।

## ब्राह्मण समाज में आक्रोश

### मीरा भारती की टिप्पणी पर मचा बवाल, सैकड़ों ने संख्या में जताया विरोध



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस विवादित बयान से आहत ब्राह्मण समाज ने आक्रोश व्यक्त करते हुए रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद और सर्व ब्राह्मण समाज की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने मीरा भारती के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा। संगठन ने इसे 'हेट स्पीच' करार देते हुए आरोप लगाया कि इस तरह की बयानबाजी से जिले का सामाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है।

**सोशल मीडिया पर बढ़ा विरोध:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी इस बयान के खिलाफ ब्राह्मण समाज का गुस्सा चरम पर है। लोग मीरा भारती की टिप्पणी की निंदा करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि ने कहा, "यह टिप्पणी न केवल ब्राह्मण समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है, बल्कि समाज में नफरत फैलाने का प्रयास है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा हमारा विरोध जारी रहेगा।"

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर उचित कार्रवाई होगी।

## बोलेरो-डंपर टक्कर में एक और मौत, अभी तक सात लोगों की हो जा चुकी है जान, चार गंभीर घायल



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट जिले के रैपुरा क्षेत्र में हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिला दिया। हाईवे पर बोलेरो और डंपर के बीच हुई जोरदार टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की वजह बोलेरो चालक को झपकी आना बताई जा रही है।

हादसा इतना भयंकर था कि बोलेरो में सवार श्रद्धालुओं को निकालते वक्त चीख-पुकार मच गई। डंपर से टकराने के बाद बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को बाहर निकाला, लेकिन हादसे का दृश्य इतना डरावना था कि हर कोई सन्न रह गया। सड़क पर खून बिखरा हुआ था, जिसे ढकने के लिए अधिकारियों ने तुरंत मौरंग डलवाई।

**अस्थि विसर्जन से लौट रहे थे श्रद्धालु:** घटना में शामिल लोग छतरपुर जिले के गुलगंज निवासी कामता के परिवार और रिश्तेदार थे। वे अस्थि विसर्जन के लिए चित्रकूट गए थे। लौटते वक्त चालक निसार को झपकी आ गई, जिससे बोलेरो बेकाबू होकर डंपर से टकरा गई। हादसे के शिकार घायल रामस्वरूप ने बताया कि उसने चालक को गाड़ी चलाने से मना किया था, लेकिन अन्य लोगों के जोर देने पर उसने गाड़ी चलाई, और यह जिद परिवार पर भारी पड़ गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार 11 लोगों में से सात की मौत हो गई। घायलों की बेहोशी और मृतकों के शरीर की हालत इतनी खराब थी कि उनकी पहचान करने में काफी कठिनाई आई। मृतकों में से एक का नाम पहले गलत बताया गया था।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।